## खंड - क

- हिंदी को राजभाषा के रुप में मान्यता **14 सितंबर 1949** ई. को प्राप्त हुई ।
- उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में कार्यवाही की भाषा **अँग्रेजी** है ।
- संविधान के अनुच्छेद 348 में यह प्रावधान है कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में सब तरह की कार्यवाही की भाषा **अँग्रेजी** होगी ।
- मिलान :-

  (क) अनुच्छेद 210 :- विधानमंडलों की भाषा

  (ख) अनुच्छेद 120 :- संसद की भाषा

  (ग) अनुच्छेद 343 :- संघ की राजभाषा हिंदी

  (घ) अनुच्छेद 343 :- लिपि देवनागरी, अंको का स्वरुप भारतीय अंको का अंतरराष्ट्रीय रुप
- **अनुच्छेद 351** के अनुसार **'संघ का यह कर्त्तव्य होगा कि राजभाषा हिंदी का प्रसार बढ़ाए'** |
- राजभाषा अधिनियम लागू हुआ – 1963 ई. में ।
- राजभाषा अधिनियम में **9 धाराएँ** हैं ।
- राजभाषा अधिनियम की **धारा- 6 और 7** के उपबंध **जम्मू कश्मीर** पर लागू **नहीं** होते ।
- संसद की राजभाषा समिति, 1959 का एक अन्य नाम **गोविंद बल्लभ पंत समिति** भी है ।
- राजभाषा नियम 1976 में अस्तित्व में आया ।
- राजभाषा विभाग **गृह-मंत्रालय** के अंतर्गत आता है ।
- राजभाषा नियम में मुख्यत: **12 नियम** हैं ।
- राजभाषा नियम के **नियम-5** के तहत हिंदी में कहीं से प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने होंगे ।
- राजभाषा नियम के **नियम-2** के तहत **भारत** के प्रदेशों/संघ शासित राज्यों को तीन वर्ग 'क' 'ख' एवं 'ग' क्षेत्र में बाँटा गया है । यह विभाजन **हिंदी-ज्ञान के आधार पर** किया गया है ।
- भाषा क्षेत्र 'क' के अंतर्गत आने वाले राज्य/संघ शासित प्रदेश है :-

  मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा
- राजभाषा नियम के अनुपालन का दायित्व **कार्यालय प्रधान** का होता है ।

- भाषा क्षेत्र 'ख' के अंतर्गत आने वाले राज्य हैं :-

  गुजरात, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, पंजाब, दमन-दीव, दादरा नगर हवेली
- विश्व हिंदी सम्मेलन का सफरनामा :-

  प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन – नागपुर, 10 जनवरी 1975

  दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन – पोर्ट लुई (मॉरीशस), 1976

  दसवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन – भोपाल, 10-12 सितंबर 2015
- विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है :- 10 जनवरी
- 'विश्व हिंदी दिवस' का आयोजन प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन के आरंभ की तिथि अर्थात् 10 जनवरी की याद में किया जाता है ।
- अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस – 21 फरवरी
- अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की स्वीकृति यूनेस्को द्वारा 1999 ई. में प्रदान की गई ।
- फिजी की राजभाषा **फिजी हिंदी** है ।
- आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं की संख्या **22** है ।
- भाषायी अल्पसंख्यक वर्गों के लिए राष्ट्रपति द्वारा एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान **अनुच्छेद 351** में है ।
- राजभाषा आयोग-1955 **बी जी खेर आयोग** के नाम से भी जाना जाता है ।
- **प्रतियोगिता परीक्षाओं में हिंदी को एक अनिवार्य प्रश्न-पत्र** रखने की सिफारिश राजभाषा आयोग-1955 द्वारा की गई थी ।
- **उच्च न्यायालयों में क्षेत्रीय भाषाओं** के व्यवहार का सुझाव बी जी खेर आयोग ने दिया था ।
- **संविधान की अनुच्छेद 350** अल्पसंख्यक बच्चों को प्राथमिक शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिए जाने हेतु सुविधा का प्रावधान करता है ।
- राजभाषा नियम-1976 का निर्माण राजभाषा अधिनियम- 1963 की **धारा 8** के निर्देशानुसार किया गया ।
- राजभाषा संकल्प संसद के दोनों सदनों से 1968 ई. में पारित हुआ ।
- हिंदी दिवस **14 सितंबर** को मनाया जाता है ।
- पहला हिंदी दिवस **14 सितंबर 1953 ई.** में मनाया गया ।
- प्रथम विश्व हिंदी दिवस **10 जनवरी 2006** को मनाया गया ।
- विश्व हिंदी सचिवालय **मॉरीशस** में है ।


➢ मूल रुप से राजभाषा हिंदी में ज्ञान/विज्ञान पर पुस्तक लेखन को प्रोत्साहन देने हेतु **राजभाषा गौरव पुरस्कार** प्रदान किया जाता है ।

➢ **राजभाषा** बनाम **राष्ट्रभाषा**

| राजभाषा: | राष्ट्रभाषा: |
|---|---|
| 1) राजकाज के लिए प्रयुक्त भाषा | 1)संपूर्ण राष्ट्र में प्रयोग में लायी जाने वाली भाषा |
| 2) जनता का भावात्मक लगाव नहीं भी हो सकता । | 2) इसके प्रति जनता का भावात्मक लगाव अवश्य होता है । |
| 3) कोई विदेशी भाषा भी राजभाषा हो सकती है । | 3) राष्ट्रभाषा सदैव अपने देश की भाषा ही । |
| 4) प्रयोग क्षेत्र समिति | 4)प्रयोग क्षेत्र व्यापक |
| 5) सामान्यत : रुक्ष, बनी-बनाई शब्दावली | 5)सामान्यत : लालित्यपूर्ण |

## हिंदी (भाषा)

### उपभाषाएँ




- जम्मू-कश्मीर की राजभाषा **उर्दू** है ।
- नागालैंड की राजभाषा अँग्रेजी है ।
- भारत की आठवीं अनुसूची की 22 भाषाएँ निम्नांकित हैं :-
  असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी,कोंकणी,गुजराती,डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाली,पंजाबी, बाँगला, बोड़ो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत, सिंधी, हिंदी
- 'शासकीय प्रयोजनों के लिए अँग्रेजी भाषा का प्रयोग 15 वर्ष की अवधि तक किया जाता रहेगा ।' यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 343 में है ।
- संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषाओं की संख्या **6** है ।
- हिंदी **देवनागरी लिपि** में लिखी जाती है ।
- विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन **3 वर्ष** पर होता है ।
- राजभाषा आयोग का गठन **राष्ट्रपति** द्वारा किया जाता है ।
- राजभाषा आयोग अपनी सिफारिशें **राष्ट्रपति** को प्रस्तुत करता है ।
- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत **14 दस्तावेजों** को अनिवार्यतम रुप से द्विभाषिक जारी किया जाना चाहिए । ये दस्तावेज हैं :-
  - संकल्प (Resolution)
  - सामान्य आदेश (General Orders)
  - नियम (Rules)
  - अधिसूचनाएँ (Notifications)
  - प्रशासनिक एवं अन्य प्रतिवेदन (Administrative and other reports)
  - प्रेस विज्ञप्तियां (Press Communiques)
  - संसद के सदनों के समक्ष रखे जाने वाले प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन (Administrative & other reports to be laid before parliament)
  - राजकीय कागज पत्र (Official Papers)
  - संविदाएँ (Contracts)
  - करार (Agreements)

- अनुज्ञप्तियां (Licence)
- अनुज्ञा पत्र (Permits)
- निविदा सूचनाएं (Tender Notices)
- निविदा प्रपत्र (फॉर्म) (Tender Forms)

➢ 'अँग्रेजी के व्यामोह से पिंड छुड़ाना स्वराज का एक अनिवार्य अंग है ।' यह कथन **महात्मा गाँधी** का है ।

➢ **राजभाषा भारती** राजभाषा विभाग की **त्रैमासिक पत्रिका** है जिसका प्रकाशन **1978** से प्रारंभ हुआ ।

➢ राजभाषा नियम, 1976 के **नियम 11** के अंतर्गत स्टेशनरी की मदें, लिफाफा, पत्रशीर्ष, सूचनापट्ट इत्यादि द्विभाषी होने चाहिए जिसमें हिंदी का स्थान ऊपर व अँग्रेजी का **उससे नीचे** होना चाहिए । किसी भी स्थिति में **अँग्रेजी का फाँट हिंदी से बड़ा नहीं** होना चाहिए ।

➢ 'ग' क्षेत्र से हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने का प्रतिशत लक्ष्य 100 है ।

➢ राजभाषा नियम-1976 के अंतर्गत जारी किए जाने वाले वार्षिक लक्ष्य के अनुसार किसी भी केंद्रीय संस्थान/उपक्रम का वेबसाइट पूर्णत द्विभाषी होनी चाहिए ।

➢ **सन् 1935 ई.** में **हिंदी साहित्य सम्मेलन** का **अधिवेशन इंदौर** में हुआ था ।

➢ नागरी लिपि सुधार समिति के सभापति **महात्मा गाँधी** थे ।

➢ **1947** ई. में नागरी लिपि में सुधार हेतु **उत्तर प्रदेश** सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष श्री **आचार्य नरेंद्र देव थे** ।

➢ 'मानक देवनागरी वर्णमाला' का प्रकाशन सन् **1966 ई.** में किया गया ।

➢ 'तिलक फाँट' का संबंध **देवनागरी लिपि** से है ।

➢ **'हिंदी वर्तनी का मानकीकरण'** नामक पुस्तिका का प्रकाशन **1976 ई.** में किया गया जिसे तत्कालिन शिक्षा-मंत्रालय ने प्रकाशित करवाया था ।

➢ देवनागरी का सर्वप्रथम प्रयोग गुजरात के राजा जयभट्ट (7वीं-8वीं शती ई.) के एक शिलालेख में हुआ ।

➢ देवनागरी का विकास **कुटिलाक्षरा** लिपि से माना जाता है ।

➢ राजभाषा संसदीय समिति में सदस्यों की **कुल संख्या 30** होती है जिसमें **लोकसभा के 20** और **राज्यसभा के 10** सदस्य होते हैं ।

➢ राजभाषा संसदीय समिति का गठन राजभाषा अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत हुआ ।

➢ हिंदी सलाहकार समिति की बैठक वर्ष में 2 बार की जानी चाहिए ।

➢ नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **वर्ष में 2 बार** (प्रत्येक छमाही में एक) की जानी चाहिए ।

➢ राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **वर्ष में 4 बार** (प्रत्येक तिमाही में एक) की जानी चाहिए ।

➢ खड़ी बोली का एक और नाम **कौरवी** है ।

- हिंदी की बोलियों में बोलने वालों की संख्या के हिसाब से **भोजपुरी** सबसे बड़ी बोली है ।
- खड़ी बोली के अन्य नाम हैं :-
  हिन्दुस्तानी, सरहिंदी, बोलचाल की हिन्दुस्तानी
- 'नागरी लिपि सुधार समिति' के संयोजक **काका कालेलकर** थे ।
- **92 वें** संविधान संशोधन द्वारा **मैथिली, डोगरी, बोडो और संथाली** को 2003 में आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया ।
- हिंदी की बोलियों में सर्वाधिक बोली जाने वाली भोजपुरी आठवीं अनुसूची में शामिल **नहीं** है ।
- भारत में दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा **बंगाली/बांग्ला** है । तीसरा स्थान **मराठी** को प्राप्त है ।
- 'नराकास' नगर राजभाषा कार्यान्वयन समित का संक्षिप्त रुप है ।
- राजभाषा अधिनियम-1963 में प्रथम संशोधन **1967 ई.** में हुआ ।
- दस्तावेजों के द्विभाषी निकाले जाने का उत्तरदायित्व **उन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का होता** है – राजभाषा नियम-**1976 के नियम 6 के अनुसार ।**
- राजभाषा नियम -1976 के **नियम 7** के अंतर्गत **हिंदी में हस्ताक्षरित** आवेदन का जवाब हिंदी में देना अनिवार्य है ।
- किसी कार्यालय के **80% कर्मचारियों** के प्राज्ञ या **प्राज्ञ के समकक्ष परीक्षा उतीर्ण** होने की स्थिति में उस कार्यालय का नाम राजपत्र में **अधिसूचित** किया जाएगा ।
- संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा **मंदारिन** है ।
- मूल रुप से आठवीं अनुसूची में **14** भाषाएँ थी ।
- **21वें संविधान** संशोधन द्वारा **1967** में **सिंधी** भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ा गया ।
- 71वें संविधान संशोधन द्वारा 1992 में कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषाओं को शामिल किया गया ।